भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1238 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 09 फरवरी, 2024/ 20 माघ, 1945 (शक) को दिया जाना है

समुद्री दुर्घटनाएं

1238. श्रीमती चिंता अनुराधा :
श्री कुरुवा गोरांतला माधव :

क्या पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान देश में कितनी समुद्री दुर्घटनाओं की सूचना मिली है;

(ख) प्रत्येक दुर्घटना के क्या कारण थे और उक्त अवधि के दौरान इन दुर्घटनाओं में कितने लोग मारे गए: और

(ग) निकट भविष्य में ऐसी समुद्री दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए हैं?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) और (ख): विगत तीन वर्षों के दौरान देश में दर्ज किए गए समुद्री दुर्घटनाओं तथा उनके कारण तथा इसमें मरने वालो की संख्या का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

विवरण	विभिन्न कारण								
	बाढ़ से	अग्नि से	डुबने से	टकराने से	तैरते समय	व्यक्तिगत चोट लगने से	उपकरण में खराबी होने पर	पोत पर	कुल
वर्ष-2021									
दुर्घटनाओं की संख्या	12	4	8	7	5	2	0	2	40
मरने वालों की संख्या	108	3	0	0	0	1	0	2	114

वर्ष-2022									
दुर्घटनाओं की संख्या	15	11	7	1	3	10	4	2	53
मरने वालों की संख्या	4	0	2	0	0	5	0	2	13
वर्ष-2023									
दुर्घटनाओं की संख्या	1	6	3	1	0	5	1	0	17
मरने वालों की संख्या	0	0	0	0	0	2	1	0	3

(ग): समुद्री दुर्घटनाओं को कम करने के लिए निम्नलिखित प्रयास किए जा रहे है:

i. भारतीय जलक्षेत्र में घटिया पोतों को रोकने के लिए पत्तन राज्य नियंत्रण निरीक्षण और ध्वज राज्य निरीक्षण।

ii. नौवहन को खतरों से आगाह करने के लिए नौवहन चेतावनियाँ नियमित रूप से जारी की जाती हैं।

iii. मुंबई और भारत के दक्षिण पश्चिम तट के अधिक यातायात घनत्व वाले भारतीय जल क्षेत्र में रूटिंग उपाय लागू किए गए हैं।

*****